रामनवमीं

रामममयी हुआ शहडोल, श्रीराम नवमी पर 'प्राकट्य पर्व' में गूंजे भक्ति और संस्कृति के सुर

# भगवान श्री राम हम सबके आदर्श : मनीषा सिंह

**शहडोल ।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन शहडोल के सहयोग से श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी (पंचायती) मंदिर, शहडोल में एक दिवसीय 'प्राकट्य पर्व' का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बघेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और श्रीराम की महिमा का सुमधुर संगम देखने को मिला, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन मानव समाज के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक के रूप में सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। श्री राम ने अपने जीवन में हर भूमिका बालक, पुत्र, पति, पिता तथा राजा को अत्यंत मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग के साथ निभाया। उन्होंने कहा कि श्री राम का चरित्र हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। एक आदर्श पुत्र के रूप में





उन्होंने अपने पिता के वचन की मर्यादा रखी, एक आदर्श पति के रूप में पत्नी के प्रति समर्पण दिखाया, और एक आदर्श राजा के रूप में प्रजा के कल्याण को सर्वोपरि रखा।

श्रीमती सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने प्राचीन काल में थे। उनका जीवन हमें समाज में नैतिक मूल्यों, भाईचारे और न्याय की स्थापना का संदेश देता है। ऐसे आदर्श सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों विधायक मनीषा सिंह, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा, जनपद अध्यक्ष सोहागपुर हीरावती कोल, एसडीएम अमृता गर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले दलों के कलाकारों का अतिथियों ने माल्यार्पण से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत रीवा से आई सुविख्यात लोकगायिका रीता तिवारी एवं उनके साथियों द्वारा बघेली लोकगायन से हुई। उन्होंने सोहर, बधाई, गैलहाई, बनरा एवं बेलनहाई, देवी गीत, विवाह गीत जैसे पारंपरिक गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम और माता जानकी के प्रति अगाध श्रद्धा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उनके गायन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसके पश्चात अखण्ड सुदर्पण जन कल्याण समिति, खंडवा द्वारा 'हनुमान लीला' की प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई। इसमें भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जीवन प्रसंगों श्रीराम से मिलन, सुग्रीव संधि, लंका गमन, माता सीता की खोज एवं रावण के अहंकार के दमन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। अंत में श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम-हनुमान वंदना के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ।कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में भोपाल की प्रसिद्ध गायिका सुश्री भारती विश्वनाथन ने भक्ति गायन प्रस्तुत कर वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। उन्होंने 'राम ही तन में, राम ही मन में', 'भजमन राम चरण सुखदाई' जैसे भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी आरके मंगलानी, नोडल अधिकारी अमरनाथ सिंह, सहायक नोडल अधिकारी विवेक पाण्डेय, प्रियम त्रिपाठी, गोपाल शर्मा सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकार तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भक्ति, संगीत व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से शहडोल पूरी तरह राममयी हो गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन का भी सशक्त माध्यम सिद्ध होगा।



# सीवर कार्य की लापरवाही ने बिगाड़े हालात

▶ सब्जी मण्डी में हर दिन जाम और परेशानी

**नवभारत,शहडोल।** शहर की सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण स्थानों में शुमार सब्जी मण्डी इन दिनों सीवर लाइन कार्य के चलते बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सीवर लाइन डालने के लिए जगह-जगह खोदे गए गड्ढे और फैला मलबा आम लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे हैं कि मण्डी परिसर में रोजाना वाहन फंस रहे हैं और लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।सब्जी मण्डी, जिसे शहर की लाइफलाइन कहा जाता है, में प्रतिदिन संभागीय मुख्यालय सहित आसपास के गांवों से हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। लेकिन वर्तमान में मण्डी क्षेत्र की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे और निर्माण सामग्री का ढेर लगा हुआ है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर लाइन का काम शुरू तो कर दिया गया, लेकिन उसे व्यवस्थित तरीके से पूरा नहीं किया जा रहा है। गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया है और मलबा हटाने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। इस कारण आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है।व्यापारियों के अनुसार, इस अव्यवस्था का सीधा असर उनके कारोबार पर पड़ रहा है। ग्राहक मण्डी तक पहुंचने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं, जिससे बिक्री में गिरावट आ रही है। वहीं गंदगी और धूल के कारण वातावरण भी अस्वस्थ होता जा रहा है।आम नागरिकों में इस स्थिति को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते हैं, वहां इस तरह की लापरवाही समझ से परे है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गड्ढों को भरवाया जाए, मलबा हटाया जाए और सीवर लाइन का कार्य तेजी और व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जाए। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, 12 टूव्हीलर जब्त

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुराई हुई 12 टूव्हीलर जब्त की गई है। प्रभारी लार्डगंज नवल आर्य ने बताया कि कासिम खान पिता मोह. अतीक खान 25 वर्ष निवासी रजा चौक, न्यू आनंद नगर, गोहलपुर , फैजान अंसारी उर्फ तोता पिता महमूद अहमद 23 वर्ष निवासी मक्का नगर गली न `1 हनुमानताल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने थाना लार्डगंज, कोतवाली, ओमती, विजयनगर, घमापुर एवं कटनी क्षेत्र से दुपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से चुराये हुये 12 दुपहिये वाहन जब्त कर लिए गए है । पकड़े गए चोर पलक झपकते ही टूव्हीलर पार कर देते थे ।

## बुढ़ार पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुख्य आरोपी को दबोचा, एक अन्य फरार

**नवभारत, बुढ़ार।** शहडोल महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए बुढार पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में स्ष्ट/स्ञ्ज एक्ट के तहत भी प्रकरण दर्ज किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 फरवरी 2026 को पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आरोपी कान्हा उर्फ आकाश चेलानी, निवासी मिश्रा कॉलोनी बुढार, ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में जातिगत आधार पर विवाह से इंकार कर दिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बुढार थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं एवं



SC/ST एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका था। इसी क्रम में मुख्य आरोपी कान्हा उर्फ आकाश चेलानी (उम्र लगभग 30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं, मामले में शामिल एक अन्य आरोपी नवीन चेलानी घटना के बाद से फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक गोविंदराम भगत, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह और आरक्षक चंद्रभूषण तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने मिलकर इस प्रकरण को सुलझाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जवारा कलशों का ज्वालामुखी घाट पर विसर्जन

**नवभारत, धनपुरी ।** आदि शक्ति पीठ माँ ज्वालामुखी मंदिर मंदिर, खेर माता मढ़िया, काली मंदिर ( विलियस न. 1) कच्छी मोहल्ला मढ़िया एक न.काली मंदिर सहित जवारों का विसर्जन स्थानीय ज्वालामुखी घाट पर किया गया नगर मे धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला नौ दिवसीय दुर्गा सप्तमी पाठ भजन कीर्तन का भक्ति भाव के साथ संम्पन हुआ आयोजन मे प्रतिदिन सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया माँ ज्वालामुखी मंदिर से 31ज्वाला कलश निकला जिसमे हजारों लोग शामिल हुए जवारा जुलुस ज्वालामुखी मंदिर से होते हुए पुरानी बस्ती, सरकारी टोला, कुदरा टोला होते हुए नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जहाँ हिन्दू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल





के द्वारा जवारा जुलुस का विधि विधान से पूजा अर्चन किया गया वहीँ नगर मे जवारा जुलुस का विभिन्न सामाजिक संगठनों व धार्मिक संगठनों द्वारा जगह जगह प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी।

### सराहनीय रही प्रशासन की व्यवस्था

प्रशासन द्वारा पूरे नौ दिनों तक नगर के अंदर पुलिस प्रशासन द्वारा विषेस सतर्कता बरती गई व क़ानून व्यवस्था को बेहतर बनाया रखा गया जिसमे थाना प्रभारी खेम सिंह पेंन्द्रो की विशेष भूमिका रही। माँ ज्वालामुखी मंदिर मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमे आस पास के सैंकड़ो लोगों ने बड़ी संख्या मे आकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर पालिका की रही सराहनीय भूमिका । नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति रविंदर कौर छावड़ा व मुख्य नगर पालिका धिकारी पूजा बुनकर द्वारा विशेष रूप से सफाई व प्रकाश व्यवस्था को लेकर सराहनीय कार्य किया गया था। नौ दिनों तक व्यवस्था को सुचारु रूप से सफल बनाने मे अशोक सिंह, द्वारिका विश्कर्मा, दीपक विश्कर्मा, पूरन लोधी, लक्छमण तिवारी, गौरव तिवारी, अरविंद रजक,दीपू सिंह, संतोष महरा, बरातू लोधी, भरत महरा, का सराहनीय योगदान रहा।

## ग्रामीणों के बीच पहुंचा न्यायालय, लगा वृहद विधिक जागरूकता शिविर

**शहडोल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल द्वारा ग्राम अमरहा स्थित राजपूत हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में वृहद विधिक जागरूकता शिविर एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को विधिक अधिकारों एवं न्यायिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही गांव में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी देवेंद्र सिंह परस्ते, थाना प्रभारी एम.एल. रहँगडाले, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकिता सिंह, विद्यालय प्राचार्य कौशल सिंह, मीडिया प्रभारी एवं पैरा लीगल वालंटियर अरुण




द्विवेदी तथा प्रकाश राव उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग-द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, पशु चिकित्सालय के कर्मचारी, पुलिस एवं न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने इस उपयोगी आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल का आभार व्यक्त किया।



## काली खप्पर नृत्य के साथ श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर के जवारा का विसर्जन आज

**शहडोल ।** श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता सेवा समिति के अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया है कि नगर के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के समापन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भव्य जवारा जुलूस का आयोजन दिनांक 29 मार्च दिन रविवार शाम 6 बजे मां विराटेश्वरी के दरबार में ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस आयोजन किया जाएगा मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय मोहन राम तालाब में विसर्जित किए जाएंगे इस अवसर पर आप सभी माता रानी के भक्तगणों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती के दरबार में पहुंचकर जवारा जुलूस में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाएं। शनिवार को उक्त जानकारी दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट द्वारा दी गई है।

## सीएम राइज विद्यालय छतवई में स्टेक होल्डर्स ओरिएंटेशन कार्यशाला

▶ 100 से अधिक प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा गया

**शहडोल ।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, भोपाल द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत शहडोल जिले के सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतवई में जिला स्तरीय स्टेक होल्डर्स ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की विस्तृत जानकारी, उनकी विशेषताओं एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही पर्यटन स्थलों के बेहतर विकास, सुरक्षा एवं पर्यटक अनुकूल वातावरण तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। आईडीएस के शहडोल क्लस्टर समन्वयक सुशील कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शहडोल क्लस्टर के अंतर्गत अमरकंटक, बांधवगढ़ एवं अन्य पर्यटन स्थलों में महिलाओं को सुरक्षा, स्वच्छता एवं पर्यटन संबंधी कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 200 युवतियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से 100 से अधिक महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा गया है।प्रशिक्षित महिलाएं विभिन्न स्थानीय निकायों में कार्यरत हैं तथा कुछ महिलाएं आर्ट एवं क्राफ्ट के माध्यम से भी अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं। पर्यटन स्थलों को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कराटे एवं मार्शल आर्ट्स का भी प्रशिक्षण दिया गया है।

### छात्राओं के समूह बनाकर एक फेडरेशन का गठन किया गया

कार्यक्रम में प्रशिक्षित छात्राओं के समूह बनाकर एक फेडरेशन का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से बेहतर फैसिलिटेशन एवं संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही सूक्ष्म उद्योगों के विकास की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी, प्रशिक्षक, छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षित पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ

**गोहपारू ।** गंगाजल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनअभियान परिषद विकास खण्ड गोहपारू के सेक्टर 2 पैलवाह मंदिर प्रांगण गढ़ में नवाकुर से रथा वीर सावरकर, सेवा समिति देवरी न 2 के सहयोग में ग्रीष्म को देखते हुए जलगगा सर्वधर के तहत जलमंदिर यानि व्याऊ का सुभारम्भ किया गया। व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, श्री मुकेश केवट सचिव प्रदीप साहू, एवं समिति के सदस्य असवत्त केवट विहारी लाल साहू सत्तोषी. साहू साक्षी केवट , अंजनी शर्मा ओम प्रकाश एव समय यादव एवं ग्रमीण वच्चे उपस्थित रहे जिसमे




संस्था द्वारा चिडियों के के लिए पानी की भी व्यव्यास्त्या हेतु मटको को फोड कर छत, एवं पेड़ो मे पानी भर कर रखे गये।

## तीन स्पेशल ट्रेनें हुई नियमित यात्रियों को मिलेगा लाभ

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की बहुप्रतीक्षित मांगों पर तीन स्पेशल गाडियों को रेगुलर रूप से चलाने का निर्णय लिया गया है। इसमें जबलपुर-पुणे, जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस व रीवा-सीएसएमटी (मुंबई) ट्रेन शामिल है। स्पेशल का दर्जा अलग होने के साथ ही इन तीनों ट्रेनों का नंबर भी बदला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर-पुणे, जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस व रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेनों को नियमित रूप से चलाने के लिए लगातार मांग की जाती रही है। यात्रियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इन ट्रेनों को रेगुलर किये जाने की मांग विभिन्न मंचों से की जाती रही जिस पर रेलवे बोर्ड ने निर्णय ले लिया है। अब उक्त तीनों ट्रेनों को नियमित रूप से चलाने का निर्णय लिया गया है।

## अग्निकांड : लापता अशोक का हो सकता है नरकंकाल

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत मानेगांव स्थित फनिंगो एडवेंचर पार्क में बुधवार शाम हुए अग्निकांड में एक व्यक्ति जिंदा जल गया था। सर्चिंग के बाद गेमिंग जोन से नरकंकाल बरामद हुआ था। इस घटना के बाद से अशोक मरावी लापता है। संभावना जाहिर की जा रही है कि कंकाल उसी का है लेकिन मामले में डीएनए जांच शुरू हो गई। लापता युवक के परिजनों के सैंपल लिए गए है। अब पुलिस को डीएनए जांच रिपोर्ट का इंतजार है जिसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कंकाल किसका है । फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। विदित हो कि मानेगांव स्थित फनिंगो एडवेंचर पार्क में बुधवार शाम लगभग 7 बजे पार्क में तैनात गार्ड अजय पटेल निवासी सगड़ा, तिलवारा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी ड्यूटी पर था, तभी अचानक पार्क के एक हिस्से में आग की लपटें दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पार्क का कीमती सामान जलकर खाक हो गया था सूचना मिलते ही बरगी पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं थी देर रात जब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था।

# सख्त निर्देश के बाद प्रार्थना सभा में बढ़ी संख्या

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया मुख्यालय में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है जिसमें एरिया के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल होने के निर्देश भी दिए गए हैं लेकिन पिछले कुछ समय से यह बात देखी जा रही थी की सुबह होने वाली प्रार्थना सभा में उपस्थिति काफी कम देखने को मिलती थी और यही कारण था कि इस पर लगातार सवाल भी उठ रहे थे और जब कम उपस्थिति को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया तो एरिया महाप्रबंधक ने इसे संज्ञान में लेते हुए पत्र जारी करते हुए।

इस बात के निर्देश दिए की सुबह होने वाली प्रार्थना सभा में सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हो महाप्रबंधक के निर्देश के बाद अब अगर देखा जाए तो सुबह होने वाली प्रार्थना सभा में उपस्थित बढ़ती हुई नजर आने लगी है और इस तरह से बेहतर व्यवस्था को लेकर महाप्रबंधक की जो एक प्रयास है यहां पर भी महाप्रबंधक के प्रयास सफल होते हुए नजर



आए।

एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में प्रतिदिन सुबह अगर देखा जाए तो 9:30 बजे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को प्रार्थना सभा में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं और पिछले कुछ वर्षों से इसका पालन भी किया जा रहा है सुबह होने वाली प्रार्थना सभा में एरिया महाप्रबंधक से लेकर एरिया के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी दोनों शामिल होते हैं जिसका मुख्य उद्देश्य दिनचर्या को बेहतर बनाना भी होता है लेकिन पिछले कुछ समय से प्रार्थना सभा में कम उपस्थिति को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे और यही कारण था कि एरिया महाप्रबंधक ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों को प्रार्थना सभा में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए थे और यही कारण है कि अब इस पर महाप्रबंधक के निर्देश का पालन होते हुए भी नजर आने लगा है इसके साथ-साथ एरिया महाप्रबंधक ने इस बात की भी निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारियों कर्मचारियों समय पर कार्यालय पहुंचे इसके साथ-साथ जो भी अपने कार्यों को लेकर मुख्यालय पहुंचने हैं संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर प्राथमिकता से ध्यान भी दे।